Mob- 9473942685
E-mail- ee3rdmdivjnp@gmail.com

# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर

पत्रांकः / / दिनांकः

सेवा मे,

जिला सूचना अधिकारी,
जौनपुर।

विषयः— दैनिक समाचार पत्र की कटिंग "चार साल से ओवर हेड टैंक अधूरा, 2.29 करोड के "पिलर", देख बुझ रही चार हजार ग्रामीणों की प्यास" की आख्या के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र के शीर्षक "चार साल से ओवर हेड टैंक अधूरा, 2.29 करोड के "पिलर", देख बुझ रही चार हजार ग्रामीणों की प्यास" के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड— मड़ियाहूँ के रखवां में फर्म मेसर्स एफकॉन्स द्वारा पेयजल योजना के निर्माण से सम्बन्धित कार्य कराये जा रहे हैं। योजनान्तर्गत नलकूप, बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण है, पम्प हाउस का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण है, शिरोपरि जलाशय का कार्य स्लैब लेवल तक कराया गया है जिस पर जिंक एलम टैंक का अधिष्ठापन अवशेष है, पाइप लाइन का कार्य 8.60 कि0मी0 के सापेक्ष 8.00 कि0मी0 पूर्ण है एवं गृह संयोजन 268 नग के सापेक्ष 160 नग कराया गया है। पेयजल योजना पर सोलर एवं पम्पिंग प्लाण्ट के अधिष्ठापन का कार्य कार्य प्रगति पर है। उक्त योजना पर पेयजल पाइप लाइन बिछाने के दौरान रोड क्षतिग्रस्त किया गया था जिसे मोटरेबल करा दिया गया है। जलापूर्ति प्रारम्भ कर पाइप लाइन टेस्टिंग के पश्चात् सड़कों का परमानेन्ट रेस्टोरेशन कराया जायेगा। आवश्यक अवशेष कार्य पूर्ण कराकर अतिशीघ्र जलापूर्ति आरम्भ करने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया है।

भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत पेयजल योजनाओं का कार्य पूर्ण करने की अवधि दिसम्बर, 2028 तक वृद्धि की गयी है।

अतः अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

भवदीय

(ऋषिकेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 894 / सूचना / 42 दिनांकः 01-06-2026

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जौनपुर।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जू0इं0।
6. प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर जौनपुर को इस आशय से कि सोलर पैनल अधिष्ठापन व आवश्यक कार्य पूर्ण कराकर पम्प के माध्यम से सीधी जलापूर्ति अधिकतम 10 दिन के अन्दर आरम्भ करायें।
7. गार्ड फाइल हेतु।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner
CamScanner